पत्रावली पेश हुई सर्वश्री [illegible] पक्षकारान उप-/ पत्रावली वास्ते पेश मय राजीनामा दि 7-4-25 को पेश हो।

9.4.25

पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्षकारान उप० । वादी एवं प्रतिवादी क्रम-1 स्वयं न्यायालय में हाजिर आये तथा राजीनामा पेश किया। राजीनामा तस्दीक करवाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। वादी एवं प्रतिवादी द्वारा स्वतःमाणित आधार पर

प्रबन्धन
9/4

नि. कुमावत

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज

की कोर्टफीस देय की गयी तो प्रार्थना पत्र रजिस्टर्ड की गयी।

राजीनामा के विधिक परीक्षण हेतु राजीनामा का अध्ययन किया गया। अभि. सं. 4 से स्पष्ट है कि जिस विवादित आराजीयात बाबत वादी व प्रतिवादिनी क्रम-1 के मध्य राजीनामा किया गया है वह वर्तमान में किसी अन्य खातेदारान के नाम दर्ज रिकार्ड है जो राजीनामा के साथ प्रस्तुत की गई नकल जमाबंदी संवत २०७८-२०७९ से भी स्पष्ट है। वादपत्र के अवलोकन से ज्ञात हुआ है कि दावे में भी उन रिकार्डेड खातेदारान को पक्षकार नहीं बनाया गया है जो कि non-joinder of parties का दोष है।

अतः विवादित आराजीयात के रिकार्डेड खातेदार अन्य व्यक्ति होने से वादी व प्रतिवादिनी क्रम-1 को विवादित आराजियात के संबंध में राजीनामा करने का विधिवत अधिकार ना होने से राजीनामा अस्वीकार किये जाता है तथा राजीनामा स्वीकार योग्य न होने से वाद खारिज किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते है।

पत्रावली कौशल शुमार होकर नम्बर से अंकित